कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 18.01.2025

विषय:- **थाना आदमपुर पुलिस द्वारा *"ऑपरेशन चक्रव्यूह"* के तहत चेकिंग के दौरान चोरी के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी गये मोबाइल फोन को बरामद किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक आदमपुर के नेतृत्व में थाना आदमपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 08/2025, धारा- 305(a)/317(2) बीएनएस 2023 थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त आशिफ शेख पुत्र अबुसमा शेख निवासी भवानीपुर, पो भवानीपुर, थाना पाकुर, झारखण्ड हाल पता कोनिया सट्टी, कोनिया आदमपुर, वाराणसी उम्र करीब 29 वर्ष को दिनांक-18.01.2025 को चन्दन शहीद मजार के बगीचे में थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण- वादी मुकदमा द्वारा दिनांक 17.01.2025 को घर में सोते समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन जो चार्जिंग में लगा था को चोरी कर लिया गया जिसके सम्बन्ध में दिनांक 18.01.2025 थाना आदमपुर पर मु0अ0सं0 09/2025 धारा 305(a)/317(2) वीएनएस 2023 बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त आशिफ शेख पुत्र अबुसमा शेख निवासी भवानीपुर, पो भवानीपुर, थाना पाकुर, झारखण्ड हाल पता कोनिया सट्टी, कोनिया आदमपुर, वाराणसी ने बताया कि मै टोटो चलाता हूँ जल्दी पैसे कमाने के चक्कर में मैने पंचायतिया कुआँ में एक घर से मोबाइल फोन चुराया था जो मै आज बेचने की फिराक में था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- आशिफ शेख पुत्र अबुसमा शेख निवासी भवानीपुर, पो भवानीपुर, थाना पाकुर, झारखण्ड हाल पता कोनिया सट्टी, कोनिया आदमपुर, वाराणसी उम्र करीब 29 वर्ष

बरामदगी का विवरण- अभियुक्त आशिफ शेख उपरोक्त के कब्जे से 02 अदद मोबाइल फोन-

1. कम्पनी रियल मी ओप्पो रंग लाल
2. कम्पनी रियल मी रंग नीला

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 पार्थ तिवारी चौकी प्रभारी लाटभैरव थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 प्र0 अखिल कुमार सिंह थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. हे0का0 रामनरायन सिंह थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
4. हे0का0 मनोज कुमार सिंह थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
5. महेन्द्र कुमार थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।